## महत्वपूर्ण एवं खास

### चुनाव ड्यूटी से लौट रहे सीआरपीएफ जवानों की बस पलटी, 10 घायल

**तोकापाल-रायपुर (आरएनएस)।** लोकसभा चुनाव में सुरक्षा देकर लौट रहे सीआरपीएफ जवानों से भरी बस डिलमिली के करीब दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इसमें 10 जवानों के घायल होने की सूचना है, जिनमें से तीन की हालत नाज़ुक बनी हुई है। हादसा सुबह करीब 10 बजे की बताई जा रही है। घायल जवानों को डिमरापाल अस्पताल रवाना किया गया है।

### मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर, हथियार बरामद

**बीजापुर-रायपुर (आरएनएस)।** जिले के भैरमगढ़ थाना क्षेत्र के केशकुतुल के जंगलों में पुलिस और नक्सलियों के बीच हुए मुठभेड़ में पुलिस ने एक नक्सली को ढेर कर दिया है। मौके से पुलिस ने हथियार भी बरामद किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार भैरमगढ़ थाना क्षेत्र के केशकुतुल-केशमुंदी के जंगलों में डिवीजन सप्लाई टीम कमांडर कवासी पण्डरु सहित 15-20 नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर डीआरजी बीजापुर की टीम नक्सल विरोधी अभियान पर निकली हुई थी। इस दौरान रविवार को केशकुतुल के जंगल में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुटभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ में एक नक्सली के मारे जाने की सूचना है वहीं मौके से हथियार व विस्फोटक आदि मिलने की सूचना है। क्षेत्र में सघन सर्चिंग जारी है।

### बिलाईगढ़ क्षेत्र के निजी अस्पतालों का हुआ जांच: कमी को पूरा करने दिए निर्देश

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू के निर्देश पर नोडल अधिकारी रूपेन्द्र साहू एवं जिला समन्वयक रोशन सचदेव के द्वारा जिले के बिलाईगढ़ क्षेत्र के निजी अस्पतालों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य विभाग के मानक दर (एसओपी) अनुसार संस्थान में पाई गई कमियों को पूरा करने हेतु अस्पताल संचालकों को निर्देशित किया गया है। जांच टीम ने अस्पताल से जुड़े सभी कक्ष, मरीज को दिए जा रहे इलाज आदि के संबंध में निरीक्षण किया।

### दो नाबालिग लड़कियां लापता

**रायपुर (आरएनएस)।** शहर के दो अलग-अलग थाना क्षेत्र से दो नाबालिग लड़कियां लापता हो गई। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार कंकालीपारा रोड निवासीर 47 वर्षीय प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात व्यक्ति ने उसकी 17 वर्षीय नाबालिग लडक़ी को बहला फुसलाकर भगा ले गया है। वहीं दूसरे मामले में 22 वर्षीय प्रार्थी ने खमतराई थाना में शिकायत किया कि अज्ञात व्यक्ति ने उसकी 16 वर्षीय बहन को बहला फुसलाकर भगा ले गया है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ पहरण का मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

### मकान से 3 नग कम्प्यूटर सिस्टम पार

**रायपुर (आरएनएस)।** लोहार चौक स्थित ई साक्षरता केंद्र ब्राम्हणपारा मकान का ताला खोलकर अज्ञात आरोपी ने 3 नग कम्प्यूटर सिस्टम पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर आजाद चौक पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी तेनसिंह नागेश 33 वर्ष लोहार चौक का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि ई साक्षरता केंद्र ब्राम्हणपारा मकान का ताला खोलकर अज्ञात चोर ने कमरे में रखे 3 नग कम्प्यूटर सिस्टम पार कर दिया। चोरी गए कम्प्यूटर सिस्टम की कीमत करीब 30 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर आजाद चौक पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# राज्य कर विभाग : जीएसटी कलेक्शन 20 हजार करोड़ रूपए पार

**रायपुर । आरएनएस**




राज्य कर विभाग ने पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 में 20,000 करोड़ टैक्स कलेक्शन के माइल स्टोन को पार कर लिया। विभाग ने कुल 20,361 करोड़ रुपए जीएसटी और वैट जमा कराया। पिछले वर्ष की तुलना मे जीएसटी में 22 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई जो राष्ट्रीय औसत से कहीं अधिक है। प्रवर्तन शाखा द्वारा केवल अंतिम तीन महीनो में 45 व्यवसायियों की जांच से 32 करोड़ रुपए जमा कराये, 14 बोगस फर्मों का भंडाफोड़ किया और ई वे बिल जांच से 8 करोड़ 61 लाख की टैक्स और पेनल्टी जमा कराई गई। स्टेट जीएसटी विभाग द्वारा कर चोरी रोकने के लिए एडवांस आई टी टूल्स का उपयोग किया जा रहा है। विभाग द्वारा करदाताओं की सुविधा के लिए और राज्य में जीएसटी से जुड़ी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए ईज़ ऑफ डूइंग बिजऩस (श्वह्रष्टक्च) सेल का भी गठन किया गया है। इसी तारतम्य में जीएसटी की टोल फ्री हेल्पलाइन भी शुरू की गई है। राज्य कर आयुक्त द्वारा चेम्बर ऑफ कॉमर्स, टैक्स बार एसोसिएशन, चार्टर्ड अकाउंटेंट तथा अन्य सभी व्यावसायिक संगठनो और छोटे व्यापारियों से लगातार संवाद हेतु एक आउटरिच कार्यक्रम भी घोषित किया है, जिसके अंतर्गत राज्य कर आयुक्त खुद महीने में तीन बार इन संगठनों के साथ बैठक करेंगे साथ ही वृत्त और जिला स्तर पर भी संयुक्त आयुक्त स्तर के अधिकारी व्यापारियों से मिल कर उनकी समस्याओं को जानेंगे और उन्हे दूर करने का प्रयास करेंगे।

विभाग, कर प्रशासन को साफ और पारदर्शी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य कर आयुक्त द्वारा सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि वे नियमों के अनुरूप और राजस्व हित मे ही कार्य करें।

कार्य मे लापरवाही और अनियमितता की शिकायत पर आयुक्त द्वारा महासमुंद के राज्य कर अधिकारी नन्द कुमार कुर्रे को निलंबित कर दिया गया है। चुनाव में मतदाताओं को प्रभावित करने हेतु बांटे जाने वाले वस्तुओं के परिवहन की जांच के लिए ओड़ीशा राज्य की अंतरराज्यीय सीमा पर अवस्थित चेक पोस्ट पर ड्यूटि के दौरान कुर्रे द्वारा अनियमितता किए जाने की शिकायत मिली थी जिसे गंभीरता से लेते हुये प्रारम्भिक जांच पश्चात आयुक्त ने उन्हे निलंबित किया है। निलंबन के दौरान उनका मुख्यालय संभाग एक रायपुर होगा।

राज्य कर आयुक्त द्वारा संयुक्त आयुक्त राज्य कर रायपुर संभाग एक एवं दो की दिनांक 18 एवं 19 अप्रैल को ली गई समीक्षा बैठक में संयुक्त आयुक्तों को भी निर्देशित किया गया कि वें भी अपने अधीनस्थ अधिकारियों पर प्रशासनिक नियंत्रण रखें और कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कार्यवाही करें। संयुक्त आयुक्त राज्य कर रायपुर संभाग एक द्वारा दो राज्य कर निरीक्षकों दीपा उधवानी तथा विमल खांडेकर को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। इसी प्रकार रायपुर संभाग दो के संयुक्त आयुक्त द्वारा अपने अधीनस्थ 5 अधिकारियों श्रीमति श्वेता चंद्राकार, सहायक आयुक्त प्रभाकर उपाध्याय राज्य कर अधिकारी, राकेश अरोरा, राज्य कर अधिकारी, प्रीति बघेल और मुकेश कश्यप सहायक ग्रेड-3 को कारण कार्य में लापरवाही बरतने पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है।

# खनिज विभाग के छापामार कार्यवाही में 3 जेसीबी, 1 पोकलेन और 5 ट्रेक्टर जब्त



**सारंगढ़ बिलाईगढ़**

कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू के निर्देश व खनि अधिकारी हीरादास भारद्वाज के मार्गदर्शन में खनिज विभाग की टीम द्वारा भटगांव क्षेत्र का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अवैध परिवहन में संलिप्त 03 ट्रैक्टर को जप्त कर सुपुर्दगी की कार्यवाही की गई। टीम द्वारा सरिया क्षेत्र में जांच के दौरान ग्राम पंचायत बोंदा के आश्रित ग्राम जोतपुर में उत्खनन करते पाये जाने पर मौके पर ही 03 जेसीबी, 01 पोकलेन मशीन सहित 02 ट्रैक्टर वाहन जप्त कर आगामी कार्यवाही तक के लिए सरपंच ग्राम पंचायत कटंगपाली के सुपुर्दगी में रखा गया है। यह कार्यवाही छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 एवम् ख़ान एवं खनिज विकास आधिनियम 1957 की धारा 21 के तहत की गई है। खनिज जांच टीम में दीपक पटेल, अनुराग नंद सहित पुलिस बल शामिल थे।

# सेना भर्ती ऑनलाइन परीक्षा आज से प्रारंभ

**सारंगढ़ बिलाईगढ़**



देश सेवा के इच्छुक युवाओं ने सेना भर्ती के लिए ज्वाइन इंडियन आर्मी की वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन किया है, उन उम्मीदवारों के लिए ऑनलाइन परीक्षा (कॉमन एंट्रेंस एग्जाम,सीईई) की तारीखें सेना द्वारा घोषित कर जारी किया है। विभिन्न श्रेणियों के लिए ऑनलाइन परीक्षा (CEE) 22, 23, 24, 25, 29, 30 अप्रैल, 02, और 03 मई 2024 को निर्धारित 5 परीक्षा केन्द्रों बिलासपुर, रायपुर, भिलाई (दुर्ग), दुर्ग और जगदलपुर में प्रत्येक दिन ऑनलाइन परीक्षा तीन शिफ्ट में आयोजित की जाएगी। इस बार से अग्निवीर ऑफिस असिस्टेंट, एसकेटी में आवेदन करने वाले उम्मीदवारों का टाइपिंग टेस्ट ऑनलाइन परीक्षा सेंटर पर लिया जायेगा। उम्मीदवारों के डाउनलोड करने के लिए प्रवेश पत्र भारतीय सेना की वेबसाइट डबल्यू डबल्यू डबल्यू डॉट ज्वाइनइंडियनआर्मी डॉट एनआईसी डॉट इन (www.joinindianarmy.nic.in) पर अपलोड किए गए है।

**छत्तीसगढ़ में रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, भिलाई और जगदलपुर परीक्षा केन्द्र बनाए गए**

छत्तीसगढ़ में ऑनलाइन परीक्षा केंद्र के लिए 4 केंद्र निर्धारित किया गया है जिसमें बिलासपुर में आईओएन डिजिटल जोन आईडी जेड, लख्मीचंद इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नॉलॉजी, बोदरी, नियर हाई कोर्ट, बिलासपुर और चौकसे इंजीनियरिंग कॉलेज, मस्तुरी रोड लाल खदान, बिलासपुर, छत्तीसगढ़, शामिल है। रायपुर में आईओएन डिजिटल जोन आईडीजेड, पार्थिवी प्रो प्रोवाइन कमर्शियल काम्प्लेक्स, संत रविदास वार्ड नम्बर 70, सरोना, रायपुर और कलिंगा यूनिवर्सिटी, कोतनी नियर कैपिटल काम्प्लेक्स, नवा रायपुर को परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

भिलाई (दुर्ग) में आईओएन डिजिटल जोन आईडीजेड, ग्राउंड, सेकेंड एंड थर्ड फ्लोर, पार्थिवी कॉलेज ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट सिरसाकला, भिलाई नगर, छत्तीसगढ़, रुंगटा इन्फोटेक सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड, कोहका कुरुद रोड, भिलाई, भिलाई नगर, छत्तीसगढ़, साई कॉलेज, स्ट्रीट 69, सेक्टर-6, भिलाई नगर, छत्तीसगढ़, मनसा कॉलेज, कोहका कुरूद रोड, भिलाई, भिलाई नगर में परीक्षा केंद्र बनाया गया है। दुर्ग में छत्रपति शिवाजी इंस्टिट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी, शिवाजी नगर, बालोद रोड, दुर्ग और भारती कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, पुलगांव चौक, दुर्ग को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। बस्तर में झाडा सिरहा शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय, जगदलपुर को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। सेना भर्ती कार्यालय रायपुर ने उम्मीदवारों को सलाह दिया है कि वे एडमिट कार्ड पर दिए गए सभी निर्देशों का पालन करें और परीक्षा समय पर अपने परीक्षा केंद्र पर पहुंचे।

# बोलेरो ने बाइक सवार को मारी ठोकर, वृद्ध की मौत

**कोरबा । आरएनएस**

गेवरा-शक्तिनगर मार्ग में तेज रफ्तार बोलेरो ने बाइक सवारों को ठोकर मार दिया। बोलेरो की ठोकर से ससुर दामाद गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल दाखिल कराया गया, जहां ससुर को मृत घोषित कर दिया गया। मामले में पुलिस दुर्घटनाकारित वाहन की तलाश कर रही है। बताया जा रहा है कि दीपका थानांतर्गत शक्तिनगर में रामखिलावन 60 वर्ष निवास करता था। वह अपने दामाद झुक्खीराम चुटैल 55 वर्ष के साथ शनिवार को कहीं गया था। ससुर दामाद अपना काम निपटाकर घर लौट रहे थे। वे मुख्यमार्ग में गेवरा सब स्टेशन के समीप पहुंचे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार बोलेरो के चालक ने बाइक को ठोकर मार दिया। बोलेरो की ठोकर से बाइक सवार ससुर दामाद सडक़ पर जा गिरे। घटना में दोनों को गंभीर चोटें आई। लोग मौके पर एकत्रित होते, इससे पहले चालक बोलेरो सहित फरार हो गया। राहगीरों ने एम्बुलेंस की मदद से ससुर दामाद को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया। पुलिस की मानें तो अस्पताल में डॉक्टरों ने परीक्षण उपरांत वृद्ध को मृत घोषित कर दिया, जबकि दामाद का इलाज जारी है। मामले में पुलिस दुर्घटनाकारित बोलेरो व चालक का सरगर्मी से तलाश कर रही है।

# जांजगीर लोकसभा व्यय प्रेक्षक पवन कुमार ने सारंगढ़ में की बैठक

**सारंगढ़ बिलाईगढ़**

जांजगीर लोकसभा के व्यय प्रेक्षक पवन कुमार ने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू, सहायक रिटर्निंग अधिकारी सारंगढ़ वासु जैन सहित जिले के व्यय अनुवीक्षण अधिकारियों के साथ बैठक किया। बैठक में सभी टीमों द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में व्यय प्रेक्षक पवन कुमार को विस्तार से बताया गया। इसके साथ ही साथ जांजगीर लोकसभा के परिधि में सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के बिलाईगढ़ के साथ-साथ बलौदाबाजार भाटापारा जिले के कसडोल क्षेत्र भी आता है। बैठक के बाद पवन कुमार ने सी-विजिल, एमसीएमसी टीम के कार्यों का अवलोकन किया। अन्त में व्यय प्रेक्षक ने जिले के व्यय टीम के साथ अलग से बैठक किया और अभ्यर्थियों के व्यय लेखा के संबंध में किए जा रहे कार्यों के संबंध में चर्चा किया। इस अवसर पर परियोजना निदेशक हरिशंकर चौहान, डिप्टी कलेक्टर वर्षा बंसल, जिला कोषालय अधिकारी चंद्रपाल सिंह ठाकुर, खाद्य अधिकारी चित्रकांत ध्रुव, लाइजनिंग अधिकारी शैलेन्द्र वर्मा, तहसीलदार कमलेश सिदार, रूपाली मेश्राम, नोडल अधिकारी एमसीएमसी देवराम यादव, मास्टर ट्रेनर चूडामणि गोस्वामी, जे.आर. बंजारे, निर्वाचन कार्यालय के कुंजबिहारी गहरे, अविनाश सिदार आदि उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ शराब घोटाले में ईडी की बड़ी कार्यवाई, पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा और उनका बेटा यश गिरफ्तार

**रायपुर । आरएनएस**



छत्तीसगढ़ के 2000 करोड़ के कथित शराब घोटाला मामले में पूर्व आईएएस अनिल टूटेजा और उनके बेटे यश टूटेजा को ईडी ने गिरफ्तार किया है।शनिवार को आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो (ईओडब्ल्यू) में बयान दर्ज कराने दोनों पहुंचे थे। पांच घंटे की पूछताछ के बाद ईडी के टीम ने दोनों को ईओडब्लू ऑफिस से बयान दर्ज कराने के बाद कार्यालय से बाहर निकलने के दौरान गिरफ्तार कर लिया।

पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा और उनके बेटे को पूछताछ करने पचपेड़ी नाका स्थित ईडी के सब जोनल कार्यालय ले जाया गया है। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने पिछले दिनों शराब घोटाला मामले में मनी लांड्रिंग के आरोपों को खारिज करते हुए मनी लांड्रिंग के केस को रद्द कर दिया था। जवाब में ईडी ने शराब घोटाला मामले में नए सिरे से इंन्फोसर्मेंट केस इंफार्मेशन रिपोर्ट रजिस्टर्ड कर मामले की नए सिरे से जांच शुरू की। ईसीआईआर में अनील टूटेजा और उनके बेटे का भी नाम शामिल है। जिसके चलते दोनों को हिरासत में लिया गया है।

शराब घोटाला मामले की जांच ईडी के प्रतिवेदन के बाद ईओडब्ल्यू ने शुरू कर दी थी। सुप्रीम कोर्ट से केस रद्द होने के बाद ईडी ने नई एफआईआर दर्ज करवाई। अब दोनों जांच एजेंसी शराब घोटाले की जांच कर रही हैं। पूर्व में दर्ज एफआईआर में 70 लोगों का नाम है। शराब घोटला को लेकर जेल से जमानत पर रिहा होने के तत्काल बाद तीन अप्रैल को ईओडब्लू की टीम ने अरविंद सिंह और उसके दूसरे दिन अनवर ढेबर को गिरफ्तार किया। वहीं आबकारी विभाग के पूर्व एमडी एपी त्रिपाठी को बिहार से गिरफ्तार किया है, जो 25 अप्रैल तक ईओडब्लू की रिमांड पर है।

# कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्र के लिए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन की कमिशनिंग कार्यों का लिया जायजा

**गरियाबंद । आरएनएस**

भारत निर्वाचन आयोग के समय सारणी अनुसार छत्तीसगढ़ में दूसरे चरण में लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत महासमुन्द संसदीय क्षेत्र में आगामी 26 अप्रैल 2024 को मतदान होगा।गरियाबंद जिले में स्वतंत्र,निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल ने गरियाबंद जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्र के लिए इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन की कमिशनिंग कार्यों का जायजा लिया।इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन की कमिशनिंग का कार्य कृषि उपज मंडी परिसर में जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्र के लिए बनाई गई मतगणना हाल में किया जा रहा है।राजिम एवं बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग आफिसर और अभ्यार्थियों,राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्ट्रांग रूम का सील विविधत खोला गया।कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल ने कृषि उपज मंडी परिसर स्थित जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्र के स्ट्रांग रूम,मतगणना स्थल,बैठक कक्ष,जिला निर्वाचन अधिकारी कक्ष,सुरक्षा व्यवस्था कक्ष,सीसीटीवी निगरानी कक्ष,सहित सभी आवश्यक व्यवस्था का अवलोकन किया।उन्हांने मतदान दल रवानगी एवं इलेक्ट्रानिंग वोटिंग मशीन वापसी और मतगणना दिवस के दिन के लिए पार्किंग व्यवस्था का अवलोकन किया और इसके लिए भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।उन्होंने बताया कि जिले के राजिम एवं बिन्द्रानवागढ़ इन दोनों विधानसभा क्षेत्र के इलेक्ट्रानिंग वोटिंग मशीनों की सुरक्षा,इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन का वितरण,मतदान दल की रवानगी,मतगणना स्थल,और मतगणना दिवस के दिन के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी,पुलिस अधीक्षक,रिटर्निंग आफिसर,जिला निर्वाचन अधिकारी की अलग-अलग बैठक व्यवस्था एवं मॉनिटरिंग कक्ष बनाएं जाएंगे।

जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्रों में 14-14 टेबल लगाकर मतदान के लिए इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन की कमिशनिंग कार्य किया जा रहा हैं। इसके माध्यम से बीयू में बैलेट पेपर लगाएं गए और पिंक पेपर से सील किया गया।

# साडा कन्या स्कूल की छात्राओं ने रैली निकालकर मतदाताओं को दिया अनिवार्य मतदान का संदेश

**कोरबा । आरएनएस**

लोकतंत्र का सम्मान करें-सबसे पहले मतदान करें तथा छोडक़र अपने सारे काम-पहले चलो करें मतदान के उद्घोष के साथ साडा कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टी.पी.नगर कोरबा की छात्राओं ने मतदाता जागरूकता रैली में शामिल होकर मतदाताओं को अनिवार्य रूप से अपना मतदान करने का संदेश दिया। वहीं दूसरी ओर नगर पालिक निगम कोरबा के अपर आयुक्त विनय मिश्रा ने मतदाताओं को मतदाता शपथ ग्रहण कराई।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। विगत चुनावों में जिन क्षेत्रों में मतदान का प्रतिशत कम रहा है, उन क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने की दिशा में विशेष फोकस रखते हुए अभियान संचालित हो रहे हैं। इसी कड़ी में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संबित मिश्रा एवं निगम आयुक्त प्रतिष्ठा ममगाई के दिशा निर्देशन में नगर पालिक निगम कोरबा के टी.पी.नगर जोनांतर्गत साडा कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के समीपस्थ आवासीय क्षेत्र में निगम द्वारा मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, साडा कन्या विद्यालय की छात्राओं ने रैली के माध्यम से मतदाताओं को यह संदेश दिया गया कि वे अपने मताधिकार का उपयोग अनिवार्य रूप से करें। रैली में शामिल छात्राओं ने '' लोकतंत्र का सम्मान करें-सबसे पहले मतदान करें तथा छोडकर अपने सारे काम-पहले चलो करें मतदान '' का उद्घोष करते हुए मतदान दिवस में मतदाताओं से अनिवार्य रूप से अपना मतदान करने का संदेश दिया।

मतदाताओं को दिलाई गई मतदाता शपथ - निगम के अपर आयुक्त विनय मिश्रा ने मतदाताओं को अपने मताधिकार का अनिवार्य रूप से उपयोग करने का संकल्प दिलाया तथा मतदाता शपथ ग्रहण कराई। उपस्थित मतदाताओं ने शपथ लेते हुए कहा कि हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

अपर आयुक्त ने किया मतदान केन्द्रों का निरीक्षण - अपर आयुक्त विनय मिश्रा ने निगम के टी.पी.नगर जोन के अंतर्गत आने वाले विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। उन्होने मतदान केन्द्र क्र. 172, 173, 174, 179, 177, 176, 178, 175 आदि मतदान केन्द्रों का निरीक्षण करते हुए मतदान हेतु की जा रही आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होने मतदान कक्षों की व्यवस्था, बाथरूम व शौचालय रूम, पानी की व्यवस्था, लाईट व्यवस्था, मतदाताओं हेतु छाया की व्यवस्था सहित अन्य विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित किए जाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU